राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017

दूरभाष: 0141–2709646, E-mail: spdrmsaraj@gmail.com

क्रमांक:– रामाशिप / जय / दिनांक: / / 2015

State Initiative for Quality Education : Adarsh Vidhyalaya

राज्य स्तरीय बैठक कार्यवाही विवरण

(दिनांक 07.04.2015)

राज्य में संचालित राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में, कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर उन्नयन के उद्देश्य से, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्, यूनिसेफ, बोध शिक्षा समिति, एस.आई.ई.आर.टी उदयपुर एवं निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के मध्य State Initiative for Quality Education के नाम से एम.ओ.यू. हस्ताक्षर किया गया है।

SIQE प्रोजैक्ट के समस्त Stakeholdess की बैठक दिनांक 07.04.2015 को सचिव, माध्यमिक शिक्षा एवं आयुक्त, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्न संभागी सम्मिलित हुए –

क्र.स.	नाम	पद
1	श्री सुवालाल	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर
2	श्री श्यामलाल गुर्जर	अतिरिक्त आयुक्त, रामाशिप. जयपुर
3	श्रीमती सुलग्ना रॉय	शिक्षा विशेषज्ञ, यूनीसेफ, जयपुर
4	श्री योगेन्द्र भूषण	निदेशक, बोध शिक्षा समिति, जयपुर
5	श्री जितेन्द्र	सलाहकार यूनिसेफ, जयपुर
6	श्री विजय शंकर आचार्य	उपनिदेशक, निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर
7	के.पी. सिंह	विशेषाधिकारी शिक्षा, शिक्षा ग्रुप – 2 राजस्थान सरकार जयपुर
8	श्रीमती नूतन बाला कपिला	उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा संभाग, पाली।
9	श्री ओमप्रकाश चलका	जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, सीकर।
10	श्री रमेश जैन	जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, टोंक।
11	श्रीमती अमृता दाधीच	एस.आई.ई.आर.टी उदयपुर
12	श्रीमती ममता दाधीच	उपनिदेशक, (प्रशिक्षण एवं क्वालिटी) रामाशिप. जयपुर
13	राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं बोध शिक्षा समिति के अन्य प्रतिनिधि	

बैठक का उद्देश्य State Initiative for Quality Education का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी गतिविधियों का चिन्हीकरण, दायित्व निर्धारण व समय सारणी निर्धारित करना था। उक्त उद्देश्यों को क्रम में निम्न निर्णय लिये गये :–

क्र.सं.	गतिविधि	गतिविधि संचालन किया जाना	दिनांक
1	एम.ओ.यू के अनुसार प्रोजैक्ट स्टीयरिंग कमेटी, राज्य वर्किंग ग्रुप (SWG), स्टेट एकेडॅमिक ग्रुप (SAG), के गठन आदेश जारी किये जाएं।	राज्य कार्यालय रामाशिप, जयपुर	09.04.2015
2	कार्यक्रम के क्रियान्वयन व मॉनीटरिंग के लिये जिला स्तरीय कोर ग्रुप की संरचना निम्नानुसार रहेगी :– ○ जिला शिक्षा अधिकारी (मा.शि.प्रथम) -- अध्यक्ष ○ जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) -- सदस्य ○ जिला शिक्षा अधिकारी (मा.शि.द्वितीय) – सदस्य ○ (उन जिलों पर लागू जहां दो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय है) ○ प्रधानाचार्य –डाईट – सदस्य ○ कार्यक्रम अधिकारी (प्रशिक्षण एवं क्वालिटी) रामाशिप. – सदस्य ○ जिला अकादमिक समर्थन फैलो (यूनिसेफ एवं बोध शिक्षा समिति प्रतिनिधि) –, सदस्य ○ अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक रामाशिप. – सदस्य सचिव • जिला कोर ग्रुप जिले मे प्रोजैक्ट की प्रत्येक गतिविधि का संचालन, प्रबोधन एव समर्थन करेगा। • अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक रामाशिप. प्रोजैक्ट के नोडल प्रभारी होगें। • कमेटी के आदेश रामाशिप. एवं निदेशालय मा. शि. रा. बीकानेर द्वारा सयुंक्त रूप से जारी किये जाये।	राज्यकार्यालय रामाशिप.	10.04.2015
3	**प्रोग्राम संचालन हेतु गाइड लाइन तैयार करना –** ○ प्रोग्राम संचालन हेतु प्रत्येक स्तर के लिये (निदेशालय, जिला, विद्यालय) गाइड लाइन विस्तार से तैयार की जाये। इस गाइड लाइन में जिला स्तर, विद्यालय स्तर पर प्रत्येक स्टेक होल्डर की भूमिका, प्रत्येक स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों का क्रियान्वयन पक्ष, अभिलेख संधारण, रिपोर्टिंग, कार्यविधि तथा समस्त गतिविधियों का समयबद्व कार्यक्रम सम्मिलित किया जाये।		
	○ गाइड लाइन यूनिसेफ एवं बोध शिक्षा समिति द्वारा तैयार की जाये।	बोध शिक्षा समिति एव यूनिसेफ	15.04.2015
	○ गाइड लाइन का ड्राफ्ट निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर एवं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् को उपलब्ध करवाया जाये।	निदेशालय एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान	15.04.2015
	○ समन्वित रूप से तैयार गाइड लाइन को माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर द्वारा जारी की जाये।	निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर	20.04.2015

	○ गाइड लाईन परिपत्र के रूप में जारी की जाये । इनका प्रकाशन मई, जून 2015 की शिविरा पत्रिका में किया जाये ताकि नवीन सत्र में कक्षा 1 से 5 में कक्षान्तर्गत गतिविधियां, मूल्यांकन, अभिलेख संधारण आदि नवीन व्यवस्थाओं के अनुरूप सुनिश्चित हो सके।	निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर	शिविरा पत्रिका, अंक मई – जून 2015
4	**डाइट की भूमिका –**		
	○ डाइट प्रधानाचार्य जिला कोर ग्रुप के सदस्य होंगे।		
	○ डाइट के एक व्याख्याता को SIQE प्रोजैक्ट का नोडल प्रभारी बनाया जाये।	प्रधानाचार्य डाइट	20.04.2015
	○ जिले क समस्त रा.मा./उ. मा. विद्यालयों (जहां कक्षा 1 से 5 संचालित है) को बराबर संख्या में डाइट स्टाफ को आवंटित किया जाए। फील्ड मॉनीटरिंग के अन्तर्गत डाइट के प्रत्येक व्याख्याता को 15 –20 विद्यालयों का शैक्षणिक प्रभारी बनाया जाये। ○ प्रत्येक प्रभारी अपने विद्यालय की विजिट कर आवश्यक शैक्षिक समर्थन प्रदान करें तथा कार्यक्रम की मॉनीटरिंग करें।	प्रधानाचार्य डाइट एव एडीपीसी, रामाशिप. डाइट स्टाफ	15.05.2015 सत्र पर्यन्त
	○ उपरोक्तानुसार डाइट प्रधानाचार्य एवं स्टॉफ हेतु विस्तृत गाइड लाइन तैयार की जाए। ○ डाइट स्टाफ के लिए आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जाए।	एसआईईआरटी उदयपुर	15.04.2015 25.04.2015
	○ डाइट में अध्ययनरत एसटीसी के टीचर स्टूडेन्ट द्वारा वर्ष में 3 बार आयोजित (बेस लाईन,मिड–टर्म एवं एण्ड लाइन) विद्यालय स्तरीय मूल्यांकन का सत्यापन किया जाये।	डाइट प्रधानाचार्य	निर्धारित तिथियों पर
	पाठ्य सामग्री – ○ सभी पाठ्य सामग्री (मूल्याकंन प्रपत्र, टीचर डायरी, प्रश्न बैंक, विद्यार्थी प्रोफाइल आदि) बोध शिक्षा समिति द्वारा एसआईईआरटी एवं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् को उपलब्ध करवाई जायेगी।	बोध शिक्षा समिति	15.04.2015
	○ 20.04.2015 तक आवश्यक सुझावों के साथ सामग्री पुनः बोध शिक्षा समिति को दी जाये।	एसआईईआरटी उदयपुर एवं रामाशिप. जयपुर	20.04.2015
	○ फाइनल रूप से तैयार समस्त सामग्री रामाशिप. को सॉफ्ट कॉपी मे उपलब्ध करवाई जाये।	बोध शिक्षा समिति	30.04.2015
	○ सामग्री का प्रकाशन जिला कार्यालय राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद के माध्यम से किया जायेगा ○ सामग्री की आवश्यकतानुसार प्रतियां विद्यालयों को प्रेषित की जायेंगी।	जिला कार्यालय, रामाशिप., समस्त जिला	15.05.2015 23.06.2015 से पूर्व प्रशिक्षण के दौरान
	○ प्रथम वर्ष में पाठ्य सामग्री हेतु वित्तीय प्रावधान यूनिसेफ द्वारा वहन किये जायेगें। यूनिसेफ द्वारा राज्य कार्यालय को राशि उपलब्ध करवाई जायेगी।	यूनिसेफ	30.04.2015

	○ राशि हेतु राज्य कार्यालय, रामाशिप द्वारा यूनिसेफ को पत्र लिखा जाए। ○ राज्य कार्यालय द्वारा राशि का हस्तान्तरण जिला कार्यालय को किया जायेगा।	रामाशिप.	05.05.2015
6	**प्रशिक्षण एवं आमुखीकरण –** कार्यक्रम की व्यापक समझ सृजित करने एवं प्रत्येक स्टेकहोल्डर की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये प्रशिक्षण अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस क्रम में निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। –		
	○ सैटकॉम के माध्यम से निदेशालय, जिला स्तरीय कोर ग्रुप व संस्थाप्रधानों हेतु एक दिवसीय आमुखीकरण ।	बोध शिक्षा समिति, यूनिसेफ व रामाशिप.	01 मई एवं 1 जून 2015
	○ डाइट प्रधानाचार्य व डाइट नोडल प्रभारी का प्रशिक्षण	एसआईईआरटी. उदयपुर	25.04.2015
	○ जिला शिक्षा अधिकारी अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक कार्यक्रम अधिकारी, निदेशालाय स्टॉफ हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण (60 संभागियों के तीन समूह) राज्य स्तर	बोध शिक्षा समिति, यूनिसेफ व रामाशिप.	01 से 10 मई 2015
	○ मुख्य संदर्भ व्यक्तियों के प्रशिक्षण (5 दिवस– औसत प्रति जिला 5 RPs' कुल 165 पांच समूहो में) राज्य स्तर	बोध शिक्षा समिति, यूनिसेफ व रामाशिप.	15 से 25 मई 2015
	○ प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाचार्य व प्रति विद्यालय एक प्रभारी अध्यापकों के प्रशिक्षण (लगभग 22000संभागी) 5 दिवस – राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद् जिला कार्यालय जिला स्तर पर	जिला कार्यालय रामाशिप.	01 जून से 25 जून 2015
	प्रोजैक्ट मैनेजमैन्ट – प्रोजैक्ट के संचालन एवं प्रबोधन के लिए निम्नलिखित स्तर पर प्रकोष्ठ स्थापित किये जाये। इस हेतु यूनिसेफ द्वारा संसाधन उपलब्ध करवाये जाये।	यूनिसेफ एवं बोध शिक्षा समिति	30.04.2015
	राज्य कार्यालय रामाशिप जयपुर. – ○ शैक्षिक सलाहकार/सलाहकार – 2 ○ एम.आई.एस – 2 (Man with Machine) • **निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर** ○ अकादमिक समर्थन फैलो – 2 ○ एम.आई.एस – 2 (Man with Machine	एस.आई.ई.आर.टी. उदयपुर, माध्यमिक शिक्षा राज. बीकानेर	16.04.2015
	• **जिला स्तर (प्रत्येक जिला)** ○ अकादमिक समर्थन फैलो – 1 ○ एमआई.एस – 1 (Man with Machine • **एसआईईआरटी उदयपुर** ○ अकादमिक समर्थन फैलो – 1 ○ एन.आई.एस – 1 (Man with Machine) • निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर एवं एसआईईआरटी उदयपुर द्वारा संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए यूनिसेफ को पत्र लिखा जाये।	बोध शिक्षा समिति	30.04.2015

	• यूनिसेफ द्वारा उपरोक्तानुसार वित्तीय प्रावधान उपलब्ध करवाये जाये। • अकादमिक समर्थन फैलो एवं शैक्षिक सलाहकार का चयन और नियुक्ति बोध शिक्षा समिति द्वारा की जाये। • एमआई एस की व्यवस्था प्रत्येक स्तर पर स्थानीय कार्यालय द्वारा की जाये।		
	एम आई एस एवं अभिलेख संधारण – • प्रोजैक्ट के अनुसार विद्यालयों की सूची यू डाइस कोड के साथ यूनिसेफ एवं बोध शिक्षा समिति को उपलब्ध करवाई जाये। • विद्यालय स्तर की रिपोर्ट विद्यालय पर फीड की जायेगी।	एमआईएस प्रभारी रामाशिप	15.04.2015
	• डाइट द्वारा सत्यापित रिपोर्ट जिला स्तर पर फीड की जायेगी। • बेस लाइन, मिडटर्म व वार्षिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर निम्नानुसार किया जायेगा। ○ **बेस लाइन** – 6 से 15 जुलाई 2015 ○ रिपोर्ट फीडिंग विद्यालय स्तर – 15 से 20 जुलाई 2015 ○ टीचर स्टूडैन्ट द्वारा सत्यापन – 20 से 25 जुलाई 2015 ○ जिला स्तर पर फीडिंग – 25 जुलाई से 05 अगस्त 2015 ○ **मिड–टर्म**– नवम्बर 2015 (अर्द्धवार्षिक परीक्षा के साथ) ○ **एण्ड लाइन**– मार्च 2016 (वार्षिक परीक्षा के साथ)	एडीपीसी /संस्थाप्रधान	कलैण्डर के अनुसार
	• प्रत्येक मूल्यांकन का सत्यापन डाइट में अध्ययनरत टीचर स्टूडैन्ट द्वारा किया जाये। • डाइट द्वारा सत्यापित रिपोर्ट विद्यालय रिपोर्ट से भिन्न होने पर फीड की जाये। • वर्ष के अन्त में Third Party Assessment जिला स्तर पर करवाया जाये। • प्रोजैक्ट का एमआईएस तैयार किया जाये तथा प्रशिक्षण में एमआईएस को सम्मिलित किया जाये। • विद्यालय स्तर पर फीडिग का कार्य पर होने वाला आवश्यक व्यय विद्यालय अनुदान राशि/छात्रकोष में से निर्धारित सीमा तक (गाइड लाइन के अनुसार) किया जाये। • संबंधित विद्यालय के संस्थाप्रधान एवं प्राथमिक विंग के प्रभारी द्वारा सभी विद्यार्थियों का मासिक मूल्यांकन आवश्यक रूप से किया जाए तथा विद्यालय स्तर पर रिपोर्ट संधारित की जाए। • प्रत्येक रिपोर्ट से अभिभावको अवगत कराया जाए।	बोध शिक्षा समिति	25.04.2015

	• Report Format Generation यूनिसेफ द्वारा किया जाये।		

सम्पूर्ण प्रकिया में निदेशालय माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर की भूमिका प्रमुख रहेगी। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा फैसिलिटेशन का कार्य किया जायेगा। प्रोजैक्ट का उद्देश्य है कि Child Centered Pedagogy का उपयोग कक्षा--कक्ष सस्कृतियों में सुनिश्चित हो सके, प्रत्येक बच्चा सीख पाये, प्रत्येक शिक्षक सिखाने में अपनी भूमिका मजबूत कर सके, एवं शिक्षा के सभी घटक समन्वित रूप से कार्य कर सकें। प्रत्येक इकाई अपनी समग्र भागीदारी के साथ प्रोजैक्ट को संचालित करेगी इसी सकल्प के साथ बैठक समाप्त हुई ।

(नरेशपाल गंगवार) 9/4/15
शासन सचिव (मा.शि.) एवं आयुक्त,
राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्, जयपुर